AI-1375

B. A. (Private) (Part-I)
Term End Examination, 2020-21

HINDI LITERATURE

Time Allowed : Three hours

Maximum Marks : 75

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए— 3×10=30

(क) ''आप एक युवती को किसी युवक के साथ एकान्त में विचरते देखकर दांतों तले ऊंगली दबाते हैं। आपका अन्त:करण इतना मलिन हो गया है कि स्त्री-पुरुष को एक जगह देखकर आप संदेह किए बिना रह ही नहीं सकते, पर जहाँ पर लड़के और लड़कियाँ एक साथ शिक्षा पाते हैं, वहाँ यह जाति-भेद महत्त्व की बात नहीं रह जाता।''

(ख) सामने जलराशि का रजत शृंगार था। तरुण-बालिकाओं के लिए लहरों से हीरे और नीलम की क्रीडा-शैल-मालाएँ बना रही थी और ये मायाविनी छलनाएँ अपनी हंसी का कलनाद छोड़कर छिप जाती थीं। दूर-दूर से छबिरों की बंशी-अनकार से संगीत सा मुखरित होता था। चम्पा ने देखा कि तरल संकल जल राशि में उसका कंडील का प्रतिबिम्ब अस्त-व्यस्त था।

(ग) आखिर पाँच बजते-बजते तैयारी मुकम्मल होने लगी। कुर्सियाँ मेज, तिपाइयाँ, नैपकिन, फूल सब बरामदे में पहुँच गए। ड्रिंक का इंतजाम बैठक में कर दिया गया। अब घर का फालतू सामान आलमारियों की पीछे और पलंगों के नीचे छिपया जाने लगा।

(घ) ''झोपड़े के द्वार पर बाप और बेटा दोनों एक बुझे हुए अलाव के सामने चुपचाप बैठे हुए थे और अन्दर बेटे की जवान बीबी बुधिया प्रसव-वेदना से पछाड़ खा रही थी। रह रहकर उसके मुँह से ऐसी दिल हिला देने वाली आवाज निकलती थी कि दोनों कलेजा थाम लेते थे।''

(ङ) ''कपड़े की महँगी के इस जमाने में घर की पांचों औरतों के शरीर से कपड़ा जीर्ण होकर यों गिर

रहे थे, जैसे पेड़ अपनी छाल बदलते हैं। पर चौधरी साहब की आमदनी से दिन में एक दफा किसी तरह पेट भर सकनें के लिए आटा के अलावा कपड़े की गुंजाइस कहाँ।''

2. 'गबन' उपन्यास में आभूषण प्रियता का दुष्परिणाम दिखाना ही उपन्यास का मुख्य उद्देश्य है। इस कथन पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

'रामनाथ' गबन का प्रधान पात्र और नायक है। इस कथन की विवेचना कीजिए।

3. आकाशदीप कहानी की समीक्षा कहानी कला के तत्वों के आधार पर कीजिए। 10

अथवा

चीफ की दावत कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए— $3 \times 5 = 15$

   (i) गबन उपन्यास का उद्देश्य

   (ii) गदल कहानी का उद्देश्य

   (iii) ठेस कहानी का सारांश।

   (iv) उपेन्द्र नाथ अश्क का जीवन परिचय

   (v) शिवानी की कहानियों के नाम

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 10

   (i) प्रेम चन्द्र का जन्म कहाँ हुआ था?

   (ii) बुधिया किस कहानी की पात्रा है।

   (iii) हिन्दी का पहला उपन्यास कौन है?

   (iv) चीफ की दावत किसके घर थी?

   (v) परदा कहानी के लेखक कौन हैं?

   (vi) आकाश दीप कहानी की नायिका कौन हैं?

   (vii) ठेस के कहानीकार कौन हैं?

   (viii) उपन्यास सम्राट किस साहित्यकार को कहा जाता है?

   (ix) उपेन्द्र नाथ अश्क का जन्म कहाँ हुआ था?

   (x) गदल कहानी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

   (xi) 'बिरादरी से बाहर' कहानी के लेखक का क्या नाम है?

   (x) घीसू किस कहानी का पात्र है?

   (xi) मलवे का मालिक के कहानीकार का नाम लिखिए।

   (xii) किसी एक आंचलिक कहानीकार का नाम लिखिए।